कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, प्रमण्डल–02, बेतिया।

Forest Colony, Peonybagh, Near Durgabagh Mandir, Bettiah, West Champaran, Bihar- 845438, Mb. No. 8986153405
email-dfobettiah2@gmail.com, dfobettiah2-bih@gov.in

प्रेषक,

पत्रांक :– 1765

नीरज नारायण, भा.व.से.
वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, प्रमण्डल–02, बेतिया।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
पटना, बिहार।

दिनांक :– 12.10.22

विषयः समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है निविदा प्रकाशन हेतु संलग्न सूचना (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी) भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न सूचना को विभिन्न, राष्ट्रीय समाचार पत्रों के हिन्दी/अंग्रजी संस्करण में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः यथोक्त – (पी.डी.एफ. फाईल, सी0डी0 सहित)।**

विश्वासभाजन
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, प्रमण्डल–02, बेतिया।

ज्ञापांक 1765 दिनांक 12.10.22।

प्रतिलिपि :

(1) मुख्य वन संरक्षक (आई.टी.) बिहार, पटना को निविदा के प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(2) आई.टी. मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को निविदा के प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि संबंधित निविदा को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के बेवसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाये।

(3) वन संरक्षक –सह– क्षेत्र निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को अनुलग्नक के प्रति के साथ सूचनार्थ समर्पित।

12/10/2022
वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, प्रमण्डल–02, बेतिया।
12/10/22

# कार्यालयः वन प्रमंडल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–02, बेतिया, पश्चिम चम्पारण

## निविदा सूचना संख्या– 01/2022–23

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022–23 में बाघों के अनुश्रवण/क्रिया कलापों हेतु अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांकः 07.11.2022 के अपराह्न 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.11.2022 को अपराह्न 1.00 बजे निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित समय एवं तिथि को तकनीकि/ वित्तीय बिड खोली जायेगी।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1. | White Flash Camra Trap | | 50 अदद् |
| | Specification: | Minimum Requirement | |
| | Resolution: | = 3 MP & more | |
| | Pictures: | Day-color, Night-color | |
| | Video mode : | Yes | |
| | Trigger speed: | = 0.25 sec | |
| | Delay time | = 1 to 60 min | |
| | Recovery Time : | = 1 to 2 sec | |
| | Flash illumination range : | >= 10 meters (33 feets) | |
| | Power supply | AA batteries | |
| | Data Storage | >= 16 GB | |
| | Stamping on photo | Data, Time & Camera ID | |
| | Protective Cover | All Weather. | |

जानकारी के लिए वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–02, बेतिया का मोबाईल संख्या 8986153405 या सम्पर्क मोबाईल संख्या (लेखा शाखा) 9534912977 पर तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बेवसाईट www.forest.bih.nic.in / valmikitigerreserve.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

12/10/2022

वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–02, बेतिया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमंडल–02, बेतिया।

## कैमरा ट्रैप आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्ते :–

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022–23 में बाघों के अनुश्रवण/क्रिया कलापों हेतु अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांकः 07.11.2022 के अपराह्न 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.11.2022 को अपराह्न 1.00 बजे निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित समय एवं तिथि को तकनीकि/ वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**सामग्री का नाम**

कैमरा ट्रैप **(नोटः– विस्तृत विवरणी निविदा प्रपत्र में अंकित है)।**

1. निविदा के निर्धारित प्रपत्रों एवं शर्तों की प्रति वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–2 के कार्यालय से रूपये 2000/– (दो हजार) प्रति की दर से दिनांक 04.11.2022 के पूर्वाहन 10:30 बजे से दिनांक 07.11.2022 के अपराहन् 12.00 बजे तक कार्यावधि में प्राप्त किये जा सकते हैं। वैसे व्यक्ति जो निर्धारित प्रपत्रों एवं शर्तों को वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा समर्पित करते हैं, उन्हें निविदा प्रपत्र की राशि के रूप में 2000/– (दो हजार) का राष्ट्रीयकृत बैंक का एक अलग बैंक/डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–02, बेतिया के पदनाम से एवं बेतिया में भुगतेय हो।
2. निविदाकर्त्ता निर्धारित प्रपत्र में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफों में उस पर तकनीकी बिड अथवा वित्तीय बिड जो भी हो, लिखेंगे तथा उसे सीलबंद कर अपना नाम, पता लिखेंगे। पुनः उन दोनों लिफाफों (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) को एक मुख्य बड़े लिफाफे में रखकर सीलबंद कर उसपर भी अपना नाम, पता लिखेंगे और अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित समय के अन्दर निविदा बक्सा में डालेंगे। निविदाकर्त्ता मुख्य बड़े लिफाफे में " **कैमरा ट्रैप आपूर्ति हेतु निविदा**" अवश्य अंकित करेंगे।
3. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा के साथ रू० 25,000/– (रूपये पचीस हजार) का सत्यंकार राशि जमा करेंगे। यह सत्यंकार राशि बैंक ड्राफ्ट अथवा डिपोजिट एट कॉल के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया के पदनाम में होगा। सशर्त, त्रुटिपूर्ण अथवा बिना सत्यंकार राशि के निविदा अस्वीकृत कर दी जायगी।
4. निविदाकर्त्ता जिस सामग्रियों की बिक्री के लिए निबंधित हैं, उसी सामग्री का निविदा दर अंकित करेंगे। निविदाता को आपूर्ति आदश के 2 (दो) सप्ताह के अन्दर सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी अन्यथा आपूर्ति नहीं होने की स्थिति में जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी। निविदाकर्त्ता को सामग्री विक्रय करने हेतु प्राधिकार पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के देय कर यथा आयकर, जी०एस०टी० इत्यादि का भुगतान निविदाकर्त्ता को करना होगा।

6. निविदाकर्त्ता को जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिये। निबंधन प्रमाण–पत्र का स्व:अभिप्रमाणित छायाप्रति समर्पित करना होगा।
7. कैमरा ट्रैप की आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत आपूर्तिकर्ता होना चाहिए।
8. निबंधित/ अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता भारतवर्ष के किसी भी व्याघ्र आरक्ष्य में कैमरा ट्रैप आपूर्ति किये हैं तो आपूर्ति आदेश की प्रति अपने निविदा में अभिलेख के रूप में संलग्न करेगें।
9. विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन निविदाकर्त्ताओं को समर्पित करना अनिवार्य होगा।
10. निविदाकर्त्ता अपने हस्ताक्षर का नमूना किसी राजपत्रित पदाधिकारी से सत्यापित कराकर निविदा के साथ समर्पित करेंगे एवं वे सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड निविदा के साथ संलग्न करेंगे।
11. निविदाकर्त्ता अपनी वित्तीय निविदा में सभी सामग्रियों के लिए अलग–अलग एवं साफ अक्षरों में दर अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। तकनीकि निविदा में स्पष्ट रूप से सामग्री की विशिष्टता अंकित होनी चाहिए। अर्पित दर सभी करों सहित वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया में निर्धारित स्थल पर सामग्री पहुंचा कर होगा।
12. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उलंघन अथवा आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते हैं अथवा घटिया गुणवत्ता तथा निर्धारित मापदंड से निम्न कोटि एवं आकार की सामग्री की आपूर्ति करते हैं तो निविदा समिति को यह अधिकार होगा कि वे आपूर्तिकर्त्ता के संविदा को रद्द कर दें तथा सत्यंकार राशि राज्यसात कर लें। ऐसी स्थिति में निविदा समिति को यह अधिकार होगा कि वे द्वितीय निविदाकर्त्ता के दर पर निगोसिएशन कर सामग्रियों की आपूर्ति लें।
13. सामग्रियों की आपूर्ति की किस्म एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा।
14. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तो को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।
15. किसी भी निविदा को पूर्णतः या अंशतः बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
16. आवश्यकतानुसार उपरोक्त सामग्रियॉ एवं इसकी मात्रा घट–बढ़ सकती है। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र बेतिया होगा।
17. अधिक जानकारी के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया का मोबाईल संख्या–8986153405 या सम्पर्क मोबाईल संख्या (लेखा शाखा) –9534912977 पर तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन विभाग के बेवसाईट www.forest.bih.nic.in / valmikitigerreserve.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

12/10/2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया

प्रपत्र 'क'

तकनीकी बिड

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदार्त्ता द्वारा समर्पित सूचना | पेज नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | बीड क्रय की विवरणी | | |
| 2 | अग्रधन राशि की विवरणी | | |
| 3 | संस्था का पैन कार्ड | | |
| 4 | संस्था का जी.एस.टी. निबंधन | | |
| 5 | विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न | | |
| 6. | अन्य अभिलेख | | |
| 7. | (प्रतिष्ठान का पता) | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा पताः–

## निविदा प्रपत्र 'ख'
## वित्तीय बिड

निविदा का विवरण :– कैमरा ट्रैप की आपूर्ति हेतु निविदा

निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय। – 07.11.2022 (अपराह्न 03:00 बजे)

निविदा खुलने की तिथि एवं समय। (तकनीकी एवं वित्तीय) – 08.11.2022 (अपराह्न 01:00 बजे)

प्रेषक,

नामः–
पिता का नामः–

पत्राचार का पताः–
मोबाईल न०:–

सेवा में,
वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया।

महाशय,

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–2, बेतिया को कैमरा ट्रैप की आपूर्ति हेतु मैं अपना आपूर्ति दर निम्नवत् समर्पित कर रहा हूँ:–

| सामाग्री का नाम | निविदादाता द्वारा सभी करों सहित अर्पित दर | | |
|---|---|---|---|
| | कैमरा ट्रैप अन्य सामग्रियों के साथ | | |
| | अंक में | शब्दो में | प्रति अदद |
| White Flash Camera Trap | | | |

मेरे द्वारा उक्त दर वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–02, बेतिया को कैमरा ट्रैप पहुंचा कर सभी करों समेत आपूर्ति करूंगा। मैं आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के कर यथा आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि का भुगतान करूँगा।

आपका विश्वासी